प्रेस नोट दिनांक 17.11.2026 जनपद प्रतापगढ़

थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़

चोरी की घटनाओं में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की सोलर पैनल बरामद।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की सोलर पैनल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 16.11.2026 को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुदामा पाण्डेय का पुरवा, देउम पूरब में घर की छत पर लगे सोलर पैनल को लवकुश वर्मा पुत्र बचोली एवं आनन्द कुमार मिश्रा पुत्र पंकज मिश्रा, निवासीगण ग्राम सुदामा पाण्डेय का पुरवा, देउम पूरब द्वारा चोरी कर ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचने पर उक्त दोनों के कब्जे से चोरी का सोलर पैनल बरामद हुआ। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सांगीपुर में मु0अ0सं0 271/2026 धारा 305A/317 (2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सांगीपुर श्री गौरव त्रिवेदी के नेतृत्व में उ0नि0 आदित्य पाण्डेय मय हमराह का0 नरेश कुमार के द्वारा मु0अ0सं0 271/2026 धारा 305A/317 (2) बीएनएस थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 02 नफर अभियुक्तगण 1. आनंद कुमार मिश्रा उर्फ रूद्र नारायण मिश्रा पुत्र पंकज कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पूरे सुदामा देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 21 वर्ष 2. लवकुश वर्मा उर्फ सतेन्द्र वर्मा पुत्र वचोली वर्मा निवासी ग्राम पूरे सुदामा देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर सोलर पैनल बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1. आनंद कुमार मिश्रा उर्फ रूद्र नारायण मिश्रा पुत्र पंकज कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पूरे सुदामा देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 21 वर्ष।
2. लवकुश वर्मा उर्फ सतेन्द्र वर्मा पुत्र वचोली वर्मा निवासी ग्राम पूरे सुदामा देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 19 वर्ष।

बरामदगी-
अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद सोलर पैनल बरामद की गई।

पुलिस टीम-
उ0नि0आदित्य पाण्डेय मय हमराह का0 नरेश कुमार, थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़।

थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़।

दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनंदन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री राजीव द्विवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संग्रामगढ़ श्री सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 अनीश यादव मय हमराह का० प्रभाकर यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 69/351 (3) बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त दीपक पुत्र मलखान उम्र 23 वर्ष नि०ग्राम शुक्लन का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1.दीपक पुत्र मलखान उम्र 23 वर्ष नि०ग्राम शुक्लन का पुरवा थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-
उ0नि0 अनीश यादव मय हमराह का० प्रभाकर यादव, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़।